फैक्ट्री के प्रदूषण से गेहूं-चना की फसल तबाह

दीवानगंज का मामला, जांच की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे किसान

अदनान खान सलामतपुर। सांची जनपद क्षेत्र के दीवानगंज में एक फैक्ट्री के जहरीले धुएं ने खेत में खड़ी फसलें तबाह कर दी हैं। वहीं आसपास स्थित सरकारी और प्राइवेट स्कूल के छात्र-छात्रओं को भी इस जहरीले धुएं ने परेशान कर रखा है. इसी मामले में मंगलवार को कई किसान खराब हुई चना गेंहू की फसल को लेकर रायसेन कलेक्ट्रेट पहुंचे.

उन्होंने कहा कि दीवानगंज में मध्य भारत फास्फेट प्रायवेट कंपनी फैक्ट्री के केमिकल युक्त धुंए की वजह से फसलें खराब हो रही है. फैक्ट्री के आसपास लगी 8 किसानों की तकरीबन 35 एकड़ जमीन की फसलें खराब हो गई हैं. कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा की गैरमौजूदगी में किसान अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय से मिले। उन्होंने किसानों को आश्वासन देते हुए कहा है कि मामले की कृषि विभाग से जांच कराएंगे.

पंचायत भी दे चुकी है नोटिस: भोपाल विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर स्थित मध्य भारत फैक्ट्री के सामने शासकीय पीएम श्री स्कूल एवं एक निजी स्कूल है। दोनों ही स्कूल में क्षेत्रभर के बच्चे बड़ी संख्या में पढ़ने आते हैं. फैक्ट्री से निकलने वाले धुंए के कारण स्कूली बच्चों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है और आंखों में जलन भी हो रही है. वही इस हाइवे से निकलने वाले राहगीर भी फैक्ट्री के प्रदूषण फैलाने वाले धुंए से परेशान हैं. इस समस्या को लेकर शासकीय पीएम श्री स्कूल एवं एक निजी स्कूलों ने ग्राम पंचायत को पत्र लिखकर फैक्ट्री से निकलने वाले धुंए की शिकायत की थी. दोनों ही स्कूलों के पत्र को संज्ञान में लेकर सरपंच गिरजेश नायक द्वारा फैक्ट्री को 8 दिन के अंदर बंद करने का नोटिस दिया गया है. सरपंच गिरजेश नायक ने बताया कि सरकारी स्कूल और 1 प्राइवेट स्कूल के प्राचार्य ने पंचायत को लेटर जारी कर बताया था कि मध्य भारत फैक्ट्री से जहरीला धुंआ निकल रहा है. जिसकी वजह से बच्चों को सांस लेने और आंखों में जलन पड़ रही है. मामला संज्ञान में आते ही फैक्ट्री संचालक को नोटिस जारी कर समस्या समाप्त करने का बोला गया.

फैक्ट्री में राखड़ बनती है

मध्य भारत फास्फेट प्राइवेट लिमिटेड किसानों को उपयोग होने वाली राखड़ बनाती है. फैक्ट्री के आसपास 8 किसानों की जमीन लगी हुई है. दरअसल फैक्ट्री रात में चालू होती है जिससे अधिक मात्रा में धुंआ छोड़ा जाता है। यही वजह है कि किसानों की फसल सूख रही है. किसानों का कहना है फसल बर्बाद हुई तो लाखों का नुकसान होगा. किसान राजकुमार साहू साफ तौर पर कहते हैं फैक्ट्री से निकलने वाला रासायनिक धुंआ हमारी फसल खराब कर रहा है. ऐसे में फेक्ट्री के मैनेजर ओम पाटीदार का कहना है कि हमारे यहां सब ठीक है। किसान जांच करा लें. आपको बता दे कुछ साल तक यह फैक्ट्री बंद रहने के बाद फिर से शुरू हुई है. फैक्ट्री से सड़क पार कर महज 50 कदम की दूरी पर स्कूल हैं.

इनका कहना है

35 एकड़ में लगी गेंहू और चना की फसल फैक्ट्री के धुंए से खराब हो गई. हमने ग्राम सेवक और पटवारी को भी बुलाकर फसलों की जांच कराई थी तो उन्होंने भी फसलों के खराब होने का कारण मौसम नही फैक्ट्री से निकले धुंए से होना बताया. अब हमें मुआवजा दिया जाए.

तरुण साहू, स्थानीय किसान.

फैक्ट्री अधिकतर रात के समय संचालित होती है. इसका धुंआ फसलें खराब कर रहा है. हमारी शासन से मांग है कि इसकी जांच कराने के बाद फैक्ट्री प्रबंधन पर कार्रवाई कर उचित मुआवजा दिया जाए.

राजकुमार साहू किसान.

हमारे पास भी किसान आए थे तो हमने भी उनसे जांच कराने को कहा ह। हम जांच में पूरा सहयोग करेंगे. फैक्ट्री में ऑनलाइन इंस्ट्रूमेंट लगे हुए हैं. यहां से कोई भी जहरीला धुंआ नही निकलता है.

ओम पाटीदार फैक्ट्री मैनेजर.

यूजीसी एक्ट लागू कराने के समर्थन में रैली

राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

सिलवानी, 11 फरवरी. एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के लोगों ने यूजीसी एक्ट 2026 को लागू कराने की मांग को लेकर नगर में बुधवार को जनसमर्थन रैली निकाली. रैली बजरंग चौराहा से प्रारंभ होकर गांधी चौक, पुराना बस स्टैंड, गांधी आश्रम और शिवाजी नगर होते हुए तहसील कार्यालय पहुंची.

रैली में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए. इसके बाद राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार सुधीर शुक्ला को सौंपा. ज्ञापन में कहा कि उच्च शिक्षा में आरक्षित वर्ग के मेधावी छात्र-छात्राओं को पर्याप्त अवसर नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे वे प्रतिस्पर्धा में पीछे छूट रहे हैं. ऐसे में यूजीसी एक्ट को प्रभावी रूप से लागू करना आवश्यक है, ताकि सभी वर्गों को समान अवसर मिल सकें.

ज्ञापन में यूजीसी बिल के मूल उद्देश्यों का भी उल्लेख किया गया है, जिनमें- उच्च शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना है. इसके अलावा विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए समान शैक्षणिक मानक स्थापित करना.अनुदान, मान्यता एवं नियमन प्रक्रिया को सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाना. रैली के दौरान वक्ताओं ने केंद्र सरकार से मांग की कि यूजीसी एक्ट 2026 को शीघ्र लागू कर आरक्षित एवं वंचित वर्गों के शैक्षणिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जाए.

एक नजर में

गाय का दूध नही दिया तो महिला ने किसान की उंगली काटी

सलामतपुर. बांसखेड़ा गांव में एक महिला ने किसान के हाथ की उंगली को दांतों से काटकर घायल कर दिया. महिला ने घटना को इसलिए अंजाम दिया कि किसान ने उसको गाय का दूध देने से मनाकर दिया था. आरोपी महिला आदतन झगड़ालू प्रवृत्ति की बताई जा रही है. पुलिस से मिली जानकारी अनुसार फरियादी लक्ष्मण सिंह पिता लालचंद कोरी 45 वर्ष निवासी बांसखेड़ा गांव ने बताया कि मोहल्ले की रहने वाली माया बाई कोरी पत्नी महाराज सिंह उनके घर गाय का दूध लेने आई थीं. लक्ष्मण कोरी ने दूध देने से मना किया तो माया बाई गाली गलौच करने लगी और उनके हाथ की उंगली मुंह में लेकर दांतों से काट दी. पीड़ित ने सांची सिविल अस्पताल में इलाज कराया और सलामतपुर थाने में आरोपी महिला माया बाई कोरी के विरुद्ध मामला दर्ज कराया. थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि पुलिस ने महिला पर धारा 118(1), 351(3) बीएनएस का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है. वहीं ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी महिला गांव में आए दिन विवाद करती रहती है.

ट्रक से 23 गौवंश बरामद, चालक-हेल्पर फरार

सिलवानी. कटक के जंगल के पास जा रहे एक ट्रक से 23 नग गौवंश बरामद किए गए हैं. ट्रक चालक और उसका सहयोगी वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए. पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है. जानकारी के अनुसार फरियादी हीरालाल कुशवाहा पिता हरीराम कुशवाहा निवासी वार्ड क्रमांक 15 सिलवानी अपने साथियों राहुल नामदेव, जसमन राजपूत एवं अनिकेत पोरिया के साथ मंगलवार को रात्रि करीब 12:15 बजे देवरी से प्रतापगढ़ की ओर आ रहे थे. इसी दौरान कटक के जंगल के पास एक ट्रक क्रमांक एमएच31सीबी 5969 संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया, जिसकी बॉडी त्रिपाल से ढकी हुई थी.संदेह होने पर युवकों ने ट्रक को रुकवाया. आरोप है कि ट्रक रुकते ही चालक और हेल्पर वाहन से कूदकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए. इसके बाद जब ट्रक की त्रिपाल खोलकर देखा तो अंदर 23 गौवंश से भरे मिले. बताया गया कि पशुओं के मुंह और पैर रस्सियों से बंधे हुए थे तथा कई गौवंश अचेत अवस्था में थे. फरियादी का आरोप है कि उक्त गौवंश को अवैध रूप से परिवहन कर गोवध के उद्देश्य से ले जा रहे थे. इसके बाद ट्रक को मय गौवंश थाना लाया गया. पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर अज्ञात चालक एवं उसके साथी की तलाश शुरू कर दी है. पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा गौवंश को सुरक्षित स्थान पर भिजवाने की व्यवस्था की गई है.

संकल्प से समाधान शिविर में 205 आवेदन मिले

रातातलाई में 188 आवेदनों का निराकरण

सलामतपुर,11 फरवरी. मप्र शासन द्वारा विभिन्न जन योजना सेवाओं मे लाभ प्रदाय करने के लिए संकल्प से समाधान अभियान 31 मार्च तक चलाया जा रहा है। इसके ग्राम रातातलाई में बुधवार को शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें सभी विभागों की 106 योजनाओं के आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण किया जा रहा है.

जिसमें सामाजिक न्याय विभाग, राजस्व विभाग, श्रम विभाग, किसान कल्याण एवं कृषि विभाग,सामान्य प्रशासन विभाग,लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग,योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, सहकारिता विभाग, पशुपालन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं के कुल 205 आवेदन प्राप्त हुए. जिनमें से 188 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया. शेष आवेदन भी निराकृत किये जा रहे हैं. शिविर में नोडल अधिकारी सुधीर पटले एसडीओ वन, नागेश्वर अटेरिया पवार राजस्व, अरुण व्यास पशुपालन विभाग, जनपद सदस्य कैलाश बुनकर, सरपंच रघुवीर सिंह मीणा, सचिव बृजेश अहिरवार, रोजगार सहायक शैलेंद्र मीणा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता एवं समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे. वहीं विभागीय नोडल अधिकारी ने निरीक्षण किया.

31 मार्च तक आयोजित होंगे अभियान शिविर

उल्लेखनीय है कि संकल्प से समाधान अभियान 31 मार्च तक ग्रामीण और नगरीय क्षेत्र में संचालित रहेगा. जिसमें विभिन्न विभागों की कुल 106 योजनाओं का लाभ नागरिकों को दिया जाना है. अभियान अंतर्गत ग्रामों में आयोजित शिविरों के माध्यम से हितग्राहियों को उनकी पात्रतानुसार लाभ प्रदान करने हेतु डोर टू डोर आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं. तथा शिविर भी लगाए जा रहे हैं. पंचायत स्तर पर प्राप्त आवेदनों का निराकरण संबंधित विभागों द्वारा किया जा रहा है. इसके बाद कलस्टर स्तर पर आयोजित शिविरों में निराकरण से शेष आवेदनों तथा नवीन आवेदनों का निराकरण करने की कार्यवाही की जाएगी. कलस्टर लेवल पर निराकरण से शेष आवेदन विकासखंड स्तर पर आयोजित शिविर में निराकरण के लिए रखे जाएंगे. इसके साथ ही नवीन आवेदन भी प्राप्त किये जायेंगे. जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से हितग्राहियों को लाभ का वितरण किया जायेगा.

श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, दो की मौत

25 लोग घायल, 7 गंभीर जिला अस्पताल रेफर

रायसेन, 11 फरवरी. जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर गढ़ी में मंगलवार शाम 7:00 बजे गणेश घाटी में ग्राम भिलाड़िया के 32 श्रद्धालु ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर गैरतगंज के सिद्ध क्षेत्र पठरिया धाम से धार्मिक कार्यक्रम की पूर्णाहुति में शामिल होकर अपने गांव लौट रहे थे. इस दौरान गढ़ी -मुड़ियाखेड़ा के बीच गणेश घाटी में अचानक तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया.

हादसे में दो लोगों की मौत हो गई. 60 वर्षीय महिला अयोध्या बाई आदिवासी की मौके पर ही मौत हो गई. बुधवार सुबह भोपाल के हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान 8 वर्षीय जिया पिता हल्के वीर आदिवासी ही मौत हो गई.

25 लोग घायल हुए हैं. इनमें से 7 गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया. राहगीरों ने बमुश्किल ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दबे घायलों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी.

एसडीओपी सोनल गुप्ता ने बताया कि गैरतगंज तहसील के आदिवासी ग्राम भिलाड़िया से आदिवासी समाज के 32 लोग मंगलवार की शाम को धार्मिक कार्यक्रम से लौट रहे थे. तभी ये हादसा हुआ. खबर लगते ही मौके पर गढ़ी पुलिस चौकी प्रभारी वीरेंद्र विश्वकर्मा पुलिस बल एवं अन्य सहयोगियों को लेकर घटनास्थल पर पहुंच गए थे, जिन्होंने सभी 25 घायलों को गैरतगंज सिविल अस्पताल में भर्ती कराया.

हादसे में ये हुए घायल

गंभीर रूप से 7 घायलों में वंश 7 वर्ष, प्रज्ञा 8 वर्ष, अंजली धुर्वे 13 वर्ष, कार्तिक 9, विमला बाई आदिवासी 35 वर्ष, जमना बाई आदिवासी 40 वर्ष, अजुद्दी बाई आदिवासी 45 वर्ष को जिला अस्पताल रेफर किया गया. अन्य घायलों में विपिन 17 वर्ष, दिव्यांशी 14, देवकुमार 8, कला बाई 50, काव्या 14 वर्ष, मोनिका 22 वर्ष, हरिराम 55 वर्ष, देव बाई 40 वर्ष, अमित 26 वर्ष, अजय 22, अरुण 20, पप्पी बाई 27, अंजू 16 वर्ष, संध्या 15 वर्ष, पूजा 20 वर्ष, राम बाई 45 वर्ष, छवि 10 वर्ष एवं कृष्ण 8 वर्ष को गैरतगंज अस्पताल में भर्ती कराया गया. सभी घायल आदिवासी समुदाय के मजदूर वर्ग से है.

कलेक्टर पहुंचे अस्पताल

घटना की जानकारी लगते ही बीती रात 9 बजे कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा, एडिशनल एसपी कमलेश खरपुशे, सीएमएचओ डॉ. एसआर मंडरे, एसडीएम अंकित जैन, तहसीलदार नरेश सिंह राजपूत, गैरतगंज थानाप्रभारी डीपी लोहिया इत्यादि सहित अन्य अधिकारियों ने गैरतगंज अस्पताल पहुंचकर घायलों की व्यवस्था का जायजा लिया.

आरबीआई के वित्तीय साक्षरता सप्ताह का शुभारंभ

केवाईसी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

बेगमगंज. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), भोपाल द्वारा वित्तीय साक्षरता सप्ताह का शुभारंभ किया गया है। यह सप्ताह 9 से 13 फरवरी के बीच मनाया जाएगा. आरबीआई वर्ष 2016 से हर साल वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन कर रहा है. इस वर्ष वित्तीय साक्षरता सप्ताह की थीम 'केवाईसी' रखी गई है, जिसका शीर्षक है 'केवाईसी-सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम'. इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को स्मार्ट और सुरक्षित वित्तीय निर्णय लेने में सहायता करना है.सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की ब्रांच बेगमगंज के महाप्रबंधक अनिल पुरबिया द्वारा केवाईसी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया. इस सप्ताह के दौरान विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम संपूर्ण राज्य में आयोजित किए जायेंगे. इस तरह के 104 रथ पूरे प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज जागरूकता फैलाने का कार्य करेंगे. क्षेत्रीय निदेशक ने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे इस वित्तीय साक्षरता सप्ताह का उपयोग अपने ग्राहकों के बीच केवाईसी के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए करें. उन्होंने ग्राहकों के खाते खोलने की प्रक्रिया को सरल बनाने में केंद्रीय केवाईसी रिकॉर्ड रजिस्ट्री की भूमिका पर बल दिया. साथ ही, उन्होंने केवाईसी से संबंधित धोखाधड़ी तथा खातों के दुरुपयोग के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता पर भी जोर दिया.

तीन दिन से सर्वर ठप राशन वितरण बाधित

सिलवानी. तहसील क्षेत्र में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) का सर्वर पिछले तीन दिनों से ठप पड़ा है, जिससे कंट्रोल दुकानों पर राशन वितरण पूरी तरह बाधित हो गया है. सर्वर डाउन होने के कारण करीब 35,562 उपभोक्ता प्रभावित हैं और उन्हें बिना राशन लिए ही लौटना पड़ रहा है. जानकारी के अनुसार रविवार से सर्वर में तकनीकी खराबी बनी हुई है, जो बुधवार तक भी दूर नहीं हो सकी. तहसील की सभी उचित मूल्य दुकानों पर बायोमैट्रिक मशीन के माध्यम से ही राशन वितरण किया जाता है. सर्वर काम नहीं करने से अंगूठा सत्यापन और ऑनलाइन एंट्री की प्रक्रिया रुक गई है, जिससे वितरण व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई.

खेल पुष्पार धाम में कबड्डी का महाकुंभ, भोपाल की टीम ने झामर को हराया

डे-नाइट कबड्डी में भोपाल चैंपियन बना

विधायक ने टीमों को दिये पुरस्कार

सिलवानी,11 फरवरी. ग्राम पंचायत छींद अंतर्गत ग्राम पौड़ी खमरिया स्थित पुष्पार धाम में आयोजित पांचवां सिलवानी ओपन डे-नाइट कबड्डी टूर्नामेंट का समापन हो गया. तीन दिनों तक चले इस खेल महाकुंभ में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आई टीमों ने दमदार प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया.

फाइनल मुकाबले में भोपाल की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए झामर (नरसिंहपुर) को पराजित कर 41 हजार रुपये एवं ट्रॉफी पर कब्जा जमाया. उपविजेता टीम झामर को 21 हजार रुपये एवं ट्रॉफी प्रदान की गई.

एमएस समिति ग्राम पौड़ी खमरिया के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ 8 फरवरी को हुआ था, जबकि 10 फरवरी की देर रात पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ. समापन समारोह में रायसेन कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. उन्होंने विजेता टीम को 41 हजार रुपये एवं ट्रॉफी प्रदान की. उपविजेता टीम को 21 हजार रुपये एवं ट्रॉफी पीयूष मेहरा की ओर से प्रदान की गई.

विधायक पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण अंचलों में इस प्रकार के खेल आयोजन युवाओं में अनुशासन टीम भावना और प्रतिस्पर्धा की भावना को मजबूत करते हैं. उन्होंने प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया. धर्मवीर सिंह ने कहा कि खेल युवाओं के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी हैं.

कई जिलों की टीमों ने दिखाई ताकत

लीग मुकाबलों में जबलपुर, भोपाल, नरसिंहपुर, रायसेन, सागर और होशंगाबाद सहित विभिन्न जिलों की टीमों ने भाग लिया. हर मैच में खिलाड़ियों का जोश और संघर्ष देखने लायक रहा. आयोजन समिति ने सफल आयोजन के लिए खिलाड़ियों, सहयोगियों एवं ग्रामीणजनों का आभार व्यक्त किया.

बच्ची को लेकर महिला लापता

पति ने पुलिस से लगाई ढूंढने की गुहार

सलामतपुर,11 फरवरी. थाने के सुकासेन गांव से एक महिला अपनी 1 साल की बच्ची को लेकर घर से लापता हो गई. उसके पति ने सलामतपुर पुलिस से पत्नी और बच्ची को ढूंढने की गुहार लगाई है.

प्रधान आरक्षक हेत सिंह मीणा ने बताया कि सुकासेन गांव में रहने वाले आकाश नाथ ने थाने में आवेदन देते हुए बताया कि वह 6 भाई बहनों में सबसे बड़ा है. उसकी शादी चार साल पहले भोपाल के बगोनिया में रहने वाली सुषमा नाथ से हुई थी. 10 फरवरी को वह सुबह 9 बजे घर से काम पर निकल गया था. घर पर उसका छोटा भाई विशाल और 21 वर्षीय पत्नी सुषमा नाथ को एक साल की बच्ची के साथ छोड़ गया था. दोपहर में लगभग एक बजे काम से जब खाना खाने घर आया तो पत्नी सुषमा और बच्ची नहीं थी. छोटे भाई से पूछा तो उसने बताया कि भाभी सलामतपुर बाजार जाने का बोलकर घर से निकली हैं. शाम 6 बजे तक भी जब पत्नी सुषमा घर वापस नही आई तो उसने आसपास क्षेत्र सहित रिश्तेदारों में भी काफी तलाश की लेकिन कहीं पता नही चलने पर बुधवार को थाने में आवेदन देकर गुम इंसान का मामला दर्ज कराया. थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि आसपास के थाना क्षेत्रों में लापता महिला की फोटो भेजकर तलाश शुरू कर दी है.

नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बेगमगंज,11फरवरी. ग्राम डांडिया में एक 25 वर्षीय नवविवाहिता ने घरेलू विवाद के चलते घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामला दर्जकर विवेचना में लिया है.एसडीओपी सोनाली गुप्ता ने बताया कि ग्राम डांडिया निवासी बबलू लोधी की पत्नी दुर्गा बाई ने घरेलू विवाद के चलते आत्महत्या कर ली.उसकी एक 6 वर्षीय पुत्री एव 6 माह का पुत्र है. घटना का पता घर वालों को तब चला जब उसकी सास कमरे के अंदर किसी काम से गई तो बहू को फांसी के फंदे पर झूलते हुए देखा.